**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी चंडीगढ़**

**(तिथि 19 मार्च 2026, समय 1305 (5 मिनट)**

आज प्रथम नवरात्र पर हरियाणा के माता मानसा देवी मंदिर और कुरुक्षेत्र के एकमात्र शक्तिपीठ श्रीदेवी कूप भद्रकाली मंदिर में श्रद्धालुओं ने माँ के दर्शन किए और पूजा अर्चना की। प्रदेश भर में आज माँ के शैलपुत्री स्वरूप की पूजा की गई और भंडारों का आयोजन किया गया।

*******************************************************************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज देशवासियों को चैत्र नवरात्रि की शुभकामनाएं दीं हैं। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया संदेश में सभी के लिए सुख, सौभाग्य, समृद्धि और उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। श्री मोदी ने शक्ति स्वरूपा मां दुर्गा से विकसित भारत के प्रति राष्ट्र के संकल्प को नई ऊर्जा प्रदान करने की प्रार्थना की।

*******************************************************************

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 33 हजार 6 सौ 60 करोड़ रुपये के आवंटन के साथ एक सौ प्लग-एंड-प्ले औद्योगिक पार्कों के विकास के लिए भारत औद्योगिक विकास योजना- भव्य को मंजूरी दे दी है।

सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि मंत्रिमंडल ने 2026-27 से 2030-31 की अवधि के लिए लघु जल विद्युत विकास योजना और भारतीय कपास निगम लिमिटेड को कपास सीजन 2023-24 के लिए एक हजार सात सौ करोड़ रुपये से अधिक के न्यूनतम समर्थन मूल्य को भी मंजूरी दी है।

*******************************************************************

हरियाणा विधान सभा का बजट सत्र कल सम्पन्न हो गया। सत्र में कुल 8 विधेयक पारित किए गए।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बजट सत्र की समाप्ति के उपरांत पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि कुल 13 दिनों तक चले इस सत्र में 13 बैठकें हुईं, जिनमें लगभग 55 घंटे सकारात्मक और सार्थक चर्चा हुई।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 2 मार्च को वित्त मंत्री के रूप में पेश किए गए उनके दूसरे बजट पर सदन में 10 घंटे 3 मिनट तक विस्तृत चर्चा हुई। इस दौरान विपक्ष के 7 सदस्यों ने 2 घंटे 47 मिनट तथा सत्ता पक्ष के 15 सदस्यों ने 6 घंटे 47 मिनट तक अपनी बात रखी, जबकि निर्दलीय सदस्यों ने भी अपने विचार साझा किए। सत्र के दौरान 3 महत्वपूर्ण प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किए गए, जिनमें आवासन बोर्ड को भंग करने, सफाई कर्मचारी नियोजन एवं शुष्क शौचालय निर्माण

अधिनियम, 1993 के निरसन तथा जीएसटी से जुड़े कर ढांचे में संशोधन शामिल हैं। इसके अलावा 'विकसित भारत जी-राम' योजना के प्रावधानों पर भी चर्चा हुई और जनता व ग्रामीण मजदूरों की आशंकाओं पर विचार किया गया।
मुख्यमंत्री ने कहा कि विभिन्न विधायकों द्वारा दिए गए ध्यानाकर्षण प्रस्तावों पर भी विषयवार चर्चा की गई। सत्र के अंतिम दिन गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत द्वारा प्राकृतिक खेती पर व्याख्यान दिया गया।

*********************************************************************

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के तहत त्रि-भाषाई सूत्र लागू करने का निर्णय लिया है। इसके अनुसार कक्षा 9वीं व 10वीं के विद्यार्थियों को हिन्दी व अंग्रेजी के अलावा एक अन्य भाषा पढ़नी होगी। उन्हे संस्कृत, उर्दू व पंजाबी में से किसी एक भाषा को अनिवार्य भाषा के रूप में चुनना होगा।

बोर्ड अध्यक्ष डॉ० पवन कुमार ने बताया कि नई व्यवस्था के तहत अब विद्यार्थियों को कुल सात विषयों का अध्ययन करना होगा, जिनमें छः अनिवार्य एवं एक वैकल्पिक विषय होगा। छः विषयों को पास करने की बाध्यता रहेगी। त्रि-भाषाई सूत्र हरियाणा मुक्त विद्यालय के विद्यार्थियों के लिए भी लागू रहेगा।

उन्होंने आगे बताया कि शारीरिक रूप से अक्षम विद्यार्थियों को वर्तमान में विषय प्रणाली अनुसार अनिवार्य दो भाषाओं में से किसी एक भाषा के चयन में छूट रहेगी। उन्होंने कहा कि हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड देश का पहला ऐसा बोर्ड होगा जो अक्षम विद्यार्थियों के लिए पठन-पाठन में सांकेतिक भाषा को अलग से एक विषय के तौर पर लागू करने जा रहा है।

*********************************************************************

सोनीपत की अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश की अदालत ने मुरथल में बिजली विभाग में कार्यरत आरोपी लाइनमैन सुरेन्द्र को रिश्वत लेने के मामले में दोषी ठहराते हुए 4 वर्ष के कठोर कारावास तथा 8,000 रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई है।
आरोपी सुरेंद्र ने शिकायतकर्ता से उसके ट्यूबवेल का ट्रांसफार्मर बदलने के बदले 8,000 रुपये की रिश्वत की मांग की थी। 18 जून 2020 को इस बारे दर्ज शिकायत पर कार्रवाई करते हुए राज्य सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने आरोपी को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया था।

*********************************************************************

फरीदाबाद पुलिस ने 1 किलोग्राम 220 ग्राम गांजा सहित एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता यशपाल ने बताया कि एक गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए गांव प्रहलादपुर निवासी 23 वर्षीय सूरज प्रकाश को काबू कर उससे गांजा बरामद किया गया।

*********************************************************************